# MP BOARD CLASS 10 HM HINDI SPECIAL MODEL PAPER SET 6 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM हिन्दी (विशिष्ट) मोडल पेपर सेट 6 2020

समय: 3 घंटे पूर्णांक : 100

निर्देश-(i) सभी प्रश्न को हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक-एक (1x5x5= 25) अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 3 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 30 से 75 शब्द हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 4 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 75 से 120 शब्द हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 120 से 150 शब्द हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है , जिनमें दो भाग हैं , प्रथम प्रश्न 7 अंक का एवं द्वितीय प्रश्न के लिये 3 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 200 से 250 शब्द हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिये-

(1) 'षड्-ऋतु वर्णन में प्रसिद्ध' कवि है

(a) गिरिधर (b) रहीम (c) पद्माकर (d) नागार्जुन।

(2) "बैल की बिक्री" कहानी का केन्द्रीय चरित्र है-

(a) मोहन (b) शिबू (c) साहूकार (d) मुनीम।

(3) हवा से भी अधिक तेज चलने वाला होता है-

(a) तिनका (b) पता (c) मन (d) गोली।

(4) निः + चय = निश्चय कौन-सी संधि का उदाहरण है

(a) विसर्ग (b) स्वर (c) व्यंजन (d) दीर्घस्वर।

(5) दोहा और रोला छंद मिलकर छंद बनता है

(a) कुण्डलियाँ (b) हरिगीतिका (c) गीतिका (d) उल्लाला।

उत्तर- (1) (c), (2) (c), (3) (c), (4) (a), (5) (a).

प्रश्न 2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए-

(1) गाँधी जी द्वारा स्थापित आश्रम का नाम ............... था। (सेवाग्राम/प्रेमग्राम)

(2) रीतिसिद्ध परंपरा के कवि ............... हैं। (बिहारी/केशवदास)

(3) कलकत्ता में ................. फैला था। (प्लेग/मलेरिया)

(4) द्विगु समास का उदाहरण ................ है। (राजपुत्र/पंचवटी)

(5) रौद्र रस' का स्थायी भाव ................. है। (हँसी/क्रोध)

उत्तर- (1) सेवाग्राम, (2) केशवदास, (3) प्लेग, (4) पंचवटी, (5) क्रोध।

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य लिखिए-

(1) कवि अभिमन्यु अनंत नियति से प्रश्न करते हैं।

(2) गेहूँ मनुष्य की मुख एवं शारीरिक आवश्यकता का प्रतीक है।

(3) निंदक समाज में सम्मान के पात्र होते हैं।

(4) निराला शब्द में व्यंजन संधि है।

(5) जिसके प्रति स्थायी भाव उत्पन्न हो, वह आलंबन कहलाता है।

उत्तर-(1) सत्य, (2) सत्य, (3) असत्य, (4) असत्य, (5) सत्य।

प्रश्न 4. एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए-

(1) वात्सल्य रस में सिद्धस्त है ?

(2) मातृभूमि का मान किसने रखा ?

(3) निंदा रस के लेखक कौन है ?

(4) स्थायी भावों के उत्पन्न होने के कारणों को क्या कहते हैं ?

(5) जिसका आचरण अच्छा हो।

उत्तर- (1) सूरदास, (2) वीरसिंह, (3) हरिशंकर परसाई,(4) विभाव, (5) सदाचारी।

प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइए-

| खण्ड (अ) | खण्ड (ब) |
|---|---|
| (1) वीरों का कैसा हो वसंत | (a) ज्वाला प्रसाद |
| (2) शिबू | (b) तीन |
| (3) जहाँ मल्लाहों को रत्नों का लेखा जोखा देता है। | (c) सुभद्राकुमारी चौहान |
| (4) संधि के भेद | (d) महाकाव्य |

(5) रामचरित मानस (e) रत्नाकर।

उत्तर-(1) (c), (2) (a), (3)(e), (4) (b), (5) (d).

प्रश्न 6. अवगुणों पर ध्यान न देने के लिए सूरदास ने किससे प्रार्थना की है ?

अथवा

श्रद्धा का गायन-स्वर किस तरह का है ?

प्रश्न 7. जीवन को सफल बनाने के लिए कवि क्यों निर्देश देते हैं ?

अथवा

कवि के अनुसार व्यक्ति को किस रास्ते पर चलना चाहिए?

प्रश्न 8. कवि के अनुसार 'वनों और बागों' में किसका विस्तार है ?

अथवा

सखी प्रात:काल किसके द्वार पर जाती है?

प्रश्न 9. 'खाली पेट' कविता में निहित व्यंग्य को समझाइए।

अथवा

उद्बोधन कविता में भ्रामरी किसका अभिनंदन करती है ?

प्रश्न 10. श्रीकृष्ण के ललाट पर टीका की समानता किससे की गई है ?

अथवा

कबीर ईश्वर से क्या माँगते हैं ?

प्रश्न 11. तेजस्वी पुरूष लाला लालपत राय की दो विशेषताएँ कौन-सी थीं ?

अथवा

महर्षि वेदव्यास क्यों प्रसिद्ध हैं ?

प्रश्न 12. 'मातृभूमि का मान' एकाकी के आधार पर वीरसिंह के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

देश के सामुहिक मानसिक बल का ह्रास कैसे हो रहा है?

प्रश्न 13. राजा दीवान सुजानसिंह का आदर क्यों करते थे ?

अथवा

कृष्ण ने शिशुपाल का वध कर माहिष्मती की गददी पर किसे बैठाया?

प्रश्न 14. सोन और नर्मदा का जल प्रवाह किन-किन दिशाओं में है?

अथवा

भारतीय स्त्रियों के कौन-कौन से गणों ने भगिनी निवेदिता को प्रभावित किया?

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए-

(1) तुम देश की सेवा करते हो। (प्रश्नवाचक वाक्य)

(2) मैंने परीक्षा दी। (निषेधात्मक वाक्य)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

(1) आपका दर्शन हुआ, (2) वहाँ काफी मात्रा में लोग थे।

प्रश्न 16. अन्योक्ति और अतिशयोक्ति अलंकारों का वर्णन उदाहरण सहित करिए।

अथवा

गीतिका और हरिगीतिका के लक्षण लिखकर उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 17. यक्ष-युधिष्ठिर संवाद से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

अथवा

स्वर्ग की नींव का पता किस प्रकार लग सकता है ?

प्रश्न 18. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(1) श्री गणेश करना। (2) दिन-रात एक करना। (3) अँगूठा दिखाना।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-

(1) वह बच्चा जिसके माता-पिता न हो। (2) उपासना करने वाला कहलाता है।

(3) जो अधिक बोलता हो।

प्रश्न 19. रस की परिभाषा दीजिए तथा इनके अंग लिखिए।

अथवा

स्थायी भावों और उनसे संबंधित रसों को लिखिए।

प्रश्न 20. आधुनिक काल की चार विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

छायावादी कविता की तीन विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 21. आत्मकथा तथा जीवनी गद्य विधाओं में तीन अंतर बताइये। अथवा

एकांकी को दृश्य काव्य क्यों कहते हैं ?

प्रश्न 22. बिहारी अथवा

नागर्जुन की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए

(1) दो रचनाएँ, (2) भावपक्ष व कलापक्ष, (3) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23. डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल अथवा प्रेमचंद का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।

(1) दो रचनाएँ, (2) भाषा शैली, (3) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए

वैराग्य छोड़कर बाँहो की विभा सँभालो,

चट्टानों की छाती से दूध निकालो।

है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो।

पीयूष चन्द्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।

चढ़ तुंग शैल-शिखरों पर सोम पियो रे !

योगियों नहीं, विजयी की सदश जिओ रे !

अथवा

दुर्बल को न सताइए, जाकी मोटी हाय।

मरी चाम की स्वांस से, लौह भसम ह्वे जाय। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की व्याख्या संदर्भ, प्रसंग सहित लिखिए-

बदलते हुए समय में लोक संस्कृति के बदलते हुए रूप से इंकार नहीं किया जा सकता। लोक, साहित्य में युग के अनुकूल अपने को ढालने की और नया युग का मार्गदर्शन करने की अपूर्व क्षमता होती हैं। चुनौती के सामने सिर झुकाना लोक का स्वभाव नहीं है। लोक की गंगा तो युग-युग से प्रवाहमान रही है।

अथवा

इस पद के लिए ऐसे पुरुष की आवश्यकता थी जिसके हृदय में दया हो और साथ-साथ आत्मबल। हृदय वह जो उदार हो, आत्मबल वह जो आपत्ति का वीरता के साथ सामना करे और इस रियासत के सौभाग्य से हमें ऐसा पुरुष मिल गया। ऐसे गुण वाले संसार

में कम हैं और जो हैं वे कीर्ति और मान के शिखर पर बैठे हुए हैं उन तक हमारी पहुँच नहीं है। मैं रियासत के पंडित जानकीनाथ सा दीवान पाने पर बधाई देता हूँ।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

व्यक्ति का मन शक्ति संपन्न है। व्यक्तियों को अपना लक्ष्य सदा ऊँचा रखना चाहिए। हमारा मन दर्पण है, मन में मनन करने की शक्ति होती है। मन चंचल है, वह प्रतिपल कुछ-न-कुछ सोचता रहता है, मन हमें निष्क्रिय होकर नहीं बैठने देता। दृढ़ इच्छा शक्ति से कठिन-से-कठिन कार्य पूर्ण हो जाता है।

प्रश्न- (i) उक्त अवतरण का शीर्षक बताइए।

(ii) उक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

(iii) यथार्थ मनुष्य किसे कहा गया है ?

प्रश्न 27. सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र भेजिए।

अथवा

अपने बड़े भाई के विवाह में अपने मित्र को आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए-

(1) विज्ञान-वरदान या अभिशाप

(2) पुस्तकालय का महत्व

(3) भारतीय समाज में नारी का स्थान

(4) शिक्षित बेरोजगारी-कारण और निदान।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा 50 शब्दों में लिखिए-

(1) राष्ट्रीय पर्व

(2) किसी मैच का आँखों देखा वर्णन

(3) समाचार पत्र की उपयोगिता

(4) दहेज प्रथा

(5) बेटी बचाओ।